Under CSR Support by ipca Foundation missiongyan

# अध्याय - 8 | रामवृक्ष बेनीपुरी

## QUIZ-05

1. भगत गंगा स्नान के लिए क्यों जाते थे?
   A. पुण्य अर्जन के लिए
   B. केवल गंगा स्नान के लिए
   C. संत समागम और लोक-दर्शन के लिए
   D. तीर्थ यात्रा पूरी करने के लिए (C)

*व्याख्या:* भगत स्नान से अधिक संतों के समागम और लोक-दर्शन को महत्व देते थे।

2. श्राद्ध की अवधि पूरी होने पर भगत ने क्या किया?
   A. बेटे की मृत्यु का उत्सव मनाया B. पतोहू को उसके भाई के साथ भेज दिया और पुनर्विवाह का आदेश दिया
   C. स्वयं घर छोड़ दिया
   D. गाँव में आयोजन किया (B)

*व्याख्या:* श्राद्ध की अवधि पूरी होने पर भगत ने अपनी पतोहू को उसके भाई के साथ भेजकर पुनर्विवाह का आदेश दिया।

3. भगत का कौन-सा निर्णय अटल था?
   A. गंगा स्नान के लिए जाना
   B. पुत्र की मृत्यु पर उत्सव मनाना
   C. पुत्रवधू को मायके भेजना और पुनर्विवाह के लिए कहना
   D. खेती-बारी छोड़ देना (C)

*व्याख्या:* भगत का अटल निर्णय था कि पुत्रवधू को मायके भेजकर उसका पुनर्विवाह कराया जाए।

4. कथन (A): भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेला छोड़कर नहीं जाना चाहती थी।

कारण (R): वह भगत के प्रति चिंतित थी।
   A. (A) और (R) दोनों गलत हैं
   B. (A) गलत है, किन्तु (R) सही है
   C. (A) सही है और (R) उसकी सही व्याख्या है
   D. (A) सही है किन्तु (R) उसकी सही व्याख्या नहीं है (C)

*व्याख्या:* पुत्रवधू सचमुच भगत को अकेला छोड़कर नहीं जाना चाहती थी क्योंकि वह उनके प्रति चिंतित थी।

5. जीवन की अंतिम संध्या में भगत का संगीत कैसा प्रतीत हुआ?
   A. बहुत मधुर
   B. अलौकिक आनंद देने वाला
   C. अत्यंत दुखद
   D. जैसे वीणा का तार टूट गया हो (D)

*व्याख्या:* अंतिम संध्या में भगत का संगीत ऐसा लगा जैसे वीणा का तार टूट गया हो।

6. भगत के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?
   A. पूजा-पाठ और यज्ञ करने की
   B. आडंबर से दूर रहकर ईश्वर भक्ति करने की
   C. सामाजिक रुढ़ियों का समर्थन करने की
   D. विलासिता में जीवन बिताने की (B)

*व्याख्या:* भगत का जीवन हमें आडंबर से दूर रहकर ईश्वर-भक्ति और सादगीपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

7. गंगा स्नान से लौटने पर भगत की तबीयत कैसी हुई?
   A. बहुत प्रसन्न B. सामान्य
   C. सुस्त और कमजोर D. एकदम स्वस्थ (C)

*व्याख्या:* गंगा स्नान से लौटने पर उनकी तबीयत सुस्त हो गई और धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगी।

8. लोगों ने भगत को आराम करने की सलाह क्यों दी?
   A. वे यात्रा से थक गए थे
   B. उन्हें बुखार आने लगा था
   C. वे खेती का काम छोड़ना चाहते थे
   D. उनका मन पढ़ने में नहीं लग रहा था (B)

*व्याख्या:* लोगों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी क्योंकि स्नान-भोजन के बाद भी उन्हें बुखार आने लगा था।

9. भगत की मृत्यु कैसे हुई?
   A. अचानक दुर्घटना से B. यात्रा के दौरान
   C. गीत गाते-गाते नींद में D. स्नान करते समय (C)

*व्याख्या:* भोर में लोगों ने देखा कि गीत की आवाज़ नहीं आ रही, जाकर देखा तो भगत का शरीर निश्चल पड़ा था, यानी उनकी मृत्यु गीत गाते-गाते हुई।

10. भगत के जीवन से कौन-सा गुण सबसे अधिक प्रकट होता है?
   A. सांसारिक मोह
   B. आत्म-त्याग और ईश्वर-भक्ति
   C. रुढ़ियों का पालन D. धन संचय (B)

*व्याख्या:* उनके जीवन से आत्म-त्याग, ईश्वर-भक्ति और सादगी की झलक स्पष्ट रूप से प्रकट होती है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App